## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 27.09.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मिशन शक्ति 5.0 के तहत थाना बबेरु पर आयोजित किया गया कार्यक्रम। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की कक्षा 06 की छात्रा रुचि वर्मा को बनाया गया एक दिवस का थाना प्रभारी। विद्यालय की छात्राओं को थाना परिसर का भ्रमण कराकर दी गई जानकारी।**

**विवरण-** मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आज दिनांक 27.09.2025 को थाना बबेरु पर क्षेत्राधिकारी बबेरु श्री सौरभ सिंह की अध्यक्षता में बृहद जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं को थाना भ्रमण कराकर उन्हे मिशन शक्ति केन्द्र, सीसीटीएनएस, थाना अभिलेखों की जानकारी दी गई तथा पुलिस की कार्यशैली से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को शासन द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे- मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, वीमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, चाइल्ड केयर लाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, महिला हेल्पलाइन 181 आदि के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम मे विद्यालय की कक्षा 06 की छात्रा रुचि वर्मा को 01 दिवस हेतु थाना प्रभारी बबेरु नियुक्त किया गया। नवनियुक्त थाना प्रभारी द्वारा थाने पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुन उनका निस्तारण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी बबेरु ने कहा कि- **"महिलाओं की सुरक्षा केवल एक कानून व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। जब तक हर नागरिक महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति सजग नहीं होता, तब तक सशक्त समाज का निर्माण संभव नहीं है।"**